<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में आज शिव राष्ट्र सेना के तत्वाधान में **ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि** के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदाताओं को रक्त दान के विषय में जानकारी भी दी गयी तथा रक्तदान के लाभ भी रक्तदाताओं को बताया गया। सबसे अधिक लाभ तो एक जीवन दान के रूप में किया जाता है उससे ही प्राप्त हो जाता है एक बार रक्तदान में 650 कैलोरी उर्जा खर्च होती है यह वजन कम करने वालो के लिए रक्तदान एक सरल माध्यम होता है रक्त दान से रक्त का संचार शरीर मे अधिक तेजी से होता है जिसके कारण हृदय रोगों की आशंका लगभग 33.1 प्रतिशत कम हो जाती है बहुत सारी जॉचें जो नियमित नही करायी जाती है वह भी रक्तदान के अन्तराल मे की जाती है जिससे कभी कभी गम्भीर रोगों का पता चल जाता है। शरीर पर किसी प्रकार का कुप्रभाव रक्त दान से नही पडता। एक व्यक्ति हर तीन माह के अन्तराल मे सुरक्षित रक्त दान कर सकता है वह व्यक्ति जो स्वस्थ है 18 से 65 वर्ष के उम्र का है तथा जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक है ऐसे व्यक्तियों को नियमित रक्त दान से उनका शरीर स्वस्थ्य स्फूर्ति एवं उत्साह से भरा रहता है इस अवसर पर रितेश कुमार आल्हा , तिरुपति नाथ वर्मा, दिपक कुमार वैश्य, नितेश कश्यप सहित संस्था के 19 रक्तदाताओं ने रक्तदान महादान जैसा पुण्य का कार्य किया। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारीगण डा0 कामेश्वर सिहं (ए0 डी0), डा0 सी0 एम0 सिन्हा, डा0 देवी प्रसाद, डा0 राकेश तिवारी, चिकित्सक गण डा0 शशांक कुमार, आदि उपस्थित रहे, यह कार्यक्रम श्री अमित मिश्रा एवं श्री राजीव तिवारी की देख रेख में रक्तदान का कार्यक्रम कुशलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। हम अपनी तरफ से तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक की तरफ से ईश्वर से कामना करते हैं कि जिन रक्तदाताओं ने रक्तदान किया उनका जीवन सुदीर्घ यश एवं किर्ती का अमर कलश हो, उनका जीवन सत्यम, शिवम, सुन्दरम की अमूल्य यश की धरोहर की तरह मानव मात्र के कल्यांण के लिये समर्पित हो, यही हमारी शुभकामना है।

इस कार्यक्रम की जानकारी डा0 अवधेश अग्रवाल (प्रभारी ब्लड बैंक) ने दी।

डा0 अवधेश अग्रवाल
9415283373
उप मुख्यचिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर